# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in

Email ID– registrar@msuniversity.ac.in
ar@msuniversity.ac.in


पत्रांक 888-91/प्रवेश/एम0एस0यू0/2022–23

दिनांक 06/07/2022

सेवा में,
प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध लॉ कॉलेज,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली)

**विषय : बार काउंसिल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिये सीटों की अनुमति सम्बन्धी पत्र जमा कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर में प्रथम वर्ष में विभिन्न पाठ्यक्रमों मे प्रवेश हेतु आनलाईन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया दिनांक 04.07.2022 से प्रक्रियागत है।

उक्त के अनुक्रम में सभी विधि महाविद्यालयों में भी शैक्षणिक सत्र 2022–23 में समस्त विधि पाठ्यक्रमों यथा एल.एल.बी., बी.ए.एल.एल.बी. आदि में प्रवेश की प्रक्रिया भी प्रारम्भ की जानी है जिसके लिये आप सभी के बार काउंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिये निर्गत सीटों की संख्या व सम्बद्धता सम्बन्धी अनुमति पत्र/पंजीकरण पत्र अपेक्षित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने विधि महाविद्यालय/संस्थान को बार काउंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा निर्गत समस्त विधि पाठ्यक्रमवार सीटों की संख्या सम्बन्धी अनुमति/पंजीकरण सम्बन्धी पत्र/आदेश अनिवार्यतः दिनांक 12.07.2022 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे समस्त विधि पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ करायी जा सके।

06-7-2022
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि :**

1. कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
2. विधि संकायाध्यक्ष, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)